प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 14.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)
********************

राज्यभर में आज हर्ष और उल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाया जा रहा है। लोग एक–दूसरे को रंग लगाकर रंगों के त्योहार की बधाई दे रहे हैं। होली को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज होली मिलन समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि सभी प्रकार के भेदभाव और द्वेष को भूलकर रंग में सराबोर हो जाना चाहिए।

इधर बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव ने लोगों से आपसी सौहार्द के साथ होली मानने की अपील की है।

********************

राज्य के सभी चौबीस जिलों में होली और जुम्मे की नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस सिलसिले में दस हजार से ज्यादा अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं, जो हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं. इस सिलसिले में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका में सुरक्षा को लेकर विशेष चौकसी बरती जा रही है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग के साथ चौक–चौराहों पर पर्याप्त संख्या में जवान तैनात हैं।

********************

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिक क्षेत्र ऋण में शामिल करके उन्हें वित्त प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में जलवायु परिवर्तन–जोखिम और वित्त संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में सौर, बायोमास आधारित, पवन चक्कियों, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली और दूरदराज के गांवों में विद्युतीकरण परियोजनाओं को ऋण मंजूर करने के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है।

********************

राज्य सरकार ने खूंटी जिले में दिव्यांगजन पुनर्वास विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। वहीं रांची, हजारीबाग, दुमका, धनबाद और पलामू में विधि महाविद्यालय खुलेगा। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में सोलह नए डिग्री महाविद्यालय भी खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए रांची, जमशेदपुर, पलामू, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्यूनिकेशन की स्थापना का भी प्रस्ताव तैयार किया गया है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर में विश्व कल्याण आश्रम की ओर से होलीकोत्सव का आयोजन किया गया.

********************

पटना– चर्लपल्ली एक्सप्रेस 17 मार्च से 30 मई तक रांची होकर चलेगी। यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार और बुधवार को अपराह्न तीन बजे खुलेगी और रात्रि ग्यारह बजकर पच्चीस मिनट पर रांची स्टेशन पहुंचेगी और यहां से फिर चर्लपल्ली के लिए रवाना होगी। वहीं, चर्लपल्ली से रात्रि दस बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात्रि 11 बजकर 35 मिनट पर रांची पहुंचेगी, फिर पटना के लिए रवाना होगी।

********************

रांची जिला पुलिस ने तुपुदाना ओपी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम की खेप के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। अफीम तस्करों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि अफीम को खूंटी से रांची लाया जा रहा था, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग दस लाख रुपए है।

*****समाप्त*****